# भावाअशिप- शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में हिन्दी पखवाड़ा - 2026 का आयोजन

भावाअशिप – शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (आफरी) में दिनांक **14-09-2026** को **हिन्दी पखवाड़ा (14- 29 सितंबर, 2026)** का आरंभ हुआ। संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन का शुभारंभ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के नवी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित हुए 'हिन्दी दिवस **-2026** एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन' के आरंभ के साथ हुआ। 14 सितंबर, 2026 को **'हिंदी दिवस'** के दिन संस्थान में सभी कार्मिकों को माननीय गृह मंत्री जी के संदेश को सुनाया गया तथा संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संगीता सिंह,प्रभागाध्यक्ष, सुविधा एवं सेवा प्रभाग ने हिंदी दिवस पर महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के संदेश का भी सभी संस्थान कर्मियों के समक्ष वाचन किया। इसी दिन अपराह्न समय में संस्थान कर्मियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

हिन्दी पखवाड़ा–2026 के आयोजन के दौरान संस्थान में विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं क्रमशः हिन्दी टिप्पण तथा आलेखन, हिन्दी टंकण (सामान्य), हिंदी टंकण (यूनिकोड), हिन्दी प्रश्नोत्तरी, हिन्दी निबंध, हिन्दी आशु भाषण, स्व रचित कविता पाठ नामित संयोजकों/ निर्णायकों द्वारा आयोजित कराई गईं। सभी प्रतियोगिताओं में संस्थान के कार्मिकों ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया।

भावाअशिप – शुष्क वन अनुसंधान संस्थान ,जोधपुर (आफरी) में **दिनांक 29-09-2026** को 'हिन्दी पखवाड़ा' (14 से 29 सितंबर,2026 ) का **समापन समारोह** आयोजित किया गया। समापन समारोह में डॉ. शालिनी गोयल, स्वतंत्र लेखिका एवं शिक्षाविद , जोधपुर मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी, निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि महोदया का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्व रचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें संस्थान के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में श्री रतना राम लोहरा,प्रभारी अधिकारी, हिन्दी (राजभाषा) ने संस्थान की राजभाषा हिन्दी की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट **(2025 -26** ) सभी के समक्ष प्रस्तुत की तथा माननीय मंत्रिमंडल सचिव के 'हिंदी दिवस' पर जारी संदेश का वाचन भी किया। सम्मानीय अतिथि द्वारा हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए राशि क्रमशः ₹1000/-,₹800/-,₹500/- पुरस्कार हेतु थी।

कार्यक्रम में आगे डॉ. तरुण कान्त, समूह समन्वयक (शोध) ने हिंदी दिवस व पखवाड़े के आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला व हिंदी भाषा से जुड़ी आत्मीयता को बताते हुए इसके अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी , निदेशक ने इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदी सहज है सुबोध है तथा हिंदी में कार्य करना सरल है। हमें गर्व से ,हिंदी में

बोलना, हिंदी में लिखना और पढ़ना चाहिए। आज हिंदी का महत्व राजभाषा, जन भाषा, संपर्क भाषा व वैश्विक भाषा के रुप में बढ़ रहा है। साथ ही आपने बताया कि हिंदी दिवस/ माह/ पखवाड़े के आयोजन का एक प्रयोजन यह भी है कि संस्थान के कार्मिक अपना अधिक से अधिक कार्यालयी कार्य हिंदी में करने हेतु प्रेरित हों ।

मुख्य अतिथि महोदया ने सर्वप्रथम आफरी के कार्मिकों द्वारा किए गए स्वरचित कविता -पाठ की सराहना की तथा सभी प्रतिभागियों की कविताओं की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि ने हिंदी भाषा की सरलता व वैज्ञानिकता के बारे में बताया तथा वर्तमान में प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा के सरल व सहज शिक्षण की महती आवश्यकता को व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक एवं समूह समन्वयक (शोध) द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न व पौधा भी भेंट किए गए।

समापन समारोह में मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के श्री अजय वशिष्ठ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया।





***हिंदी पखवाड़ा -2026 के समापन समारोह के दृश्य***

## हिन्दी पखवाड़ा -2026 के दौरान आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजेतागण

| क्र .सं. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | *हिन्दी टिप्पण और आलेखन*<br>*14/09/2026* | श्री नरेश बिश्नोई | श्री प्रेम प्रकाश | श्री जितेंद्र भाटी |
| .02 | *हिन्दी टंकण (सामान्य)*<br>*15/09/2026* | श्री यशपाल सोलंकी | श्री प्रेम प्रकाश | श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया |
| 03 | *हिन्दी टंकण (यूनिकोड)*<br>*15/09/2026* | श्रीमती मीता सिंह तोमर | श्री शिवम वर्मा | 01. श्री राजेश मीणा<br>02. श्री कुलदीप शर्मा |
| 04. | *हिन्दी प्रश्नोत्तरी*<br>*(22/09/2026)* | डॉ. हेमलता शर्मा | श्री अशोक कुमार | श्री अखिल सिंह भण्डारी |
| 05. | *हिन्दी निबंध*<br>*विषय : वानिकी अनुसंधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग*<br>*(24/09/2026)* | श्री अशोक कुमार | श्री अमीन उल्लाह खान | श्री कैलाश चौधरी |
| 06 . | *हिन्दी आशु भाषण*<br>*(25 /09/2026)* | श्रीमती संगीता त्रिपाठी | श्री अनिल सिंह चौहान | श्री कैलाश चौधरी |
| 07. | *स्व रचित कविता- पाठ*<br>*(29/09/2026)* | श्री सोहन लाल गर्ग | श्री कुलदीप शर्मा | श्रीमती मीता सिंह तोमर |

# हिन्दी पखवाड़ा – 2026 के दौरान की कुछ झलकियाँ

## हिंदी दिवस -2026(14 सितम्बर,2026)



हिंदी दिवस पर संस्थान कर्मी माननीय गृह मंत्री जी के सन्देश को सुनते हुए

## हिंदी पखवाडा-2026 के दौरान आयोजित हुई विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के दृश्य












शुष्क वन अनुसंधान संस्थान,
जोधपुर



## हिंदी कार्यशाला(22/09/2026)



## संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का दृश्य (25/09/2026)



# हिंदी पखवाड़ा – 2026 का समापन समारोह

























## आफरी में हिन्दी पखवाड़े का समापन, विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए



**नवज्योति/जोधपुर।** शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) में 14 से 29 सितंबर तक चले हिन्दी पखवाड़ा-2026 का मंगलवार को समापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि स्वतंत्र लेखिका एवं शिक्षाविद डॉ. शालिनी गोयल ने भाषा को संप्रेषण का प्रभावी माध्यम बताते हुए शब्दों के उचित चयन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने हिन्दी को सांस्कृतिक विचारधारा और राष्ट्र की अभिव्यक्ति का माध्यम भी बताया। आफरी निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि कार्मिकों के सहयोग और हिन्दी को प्राथमिकता देने से राजभाषा हिन्दी के पत्राचार के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। प्रभारी अधिकारी हिन्दी रतनाराम लोहरा ने संस्थान की राजभाषा प्रगति रिपोर्ट 2025-26 प्रस्तुत की। इस दौरान स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में सोहनलाल गर्ग प्रथम, कुलदीप शर्मा द्वितीय और मीता सिंह तोमर तृतीय रहे। पखवाड़े में आयोजित निबंध, प्रश्नोत्तरी, आशुभाषण, टंकण सहित अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय वशिष्ठ ने किया।

## हिंदी पखवाड़ा संपन्न

**जोधपुर।** आफरी में 14 से 29 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन मंगलवार को हुआ।

निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ. शालिनी गोयल ने भाषा को संस्कृति और राष्ट्र की अभिव्यक्ति बताया। कार्यक्रम में कविता पाठ प्रतियोगिता में सोहनलाल गर्ग प्रथम, कुलदीप शर्मा द्वितीय और मीता सिंह तोमर तृतीय रहे।

## आफरी में हिंदी पखवाड़े का समापन



**जोधपुर @ पत्रिका.** शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में 14 से 29 सितंबर तक आयोजित हिंदी पखवाड़े का सोमवार को समापन समारोह हुआ। संस्थान निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने मुख्य अतिथि स्वतंत्र लेखिका एवं शिक्षाविद डॉ. शालिनी गोयल का स्वागत किया। कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय वशिष्ठ के संयोजन में स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता हुई। इसमें सोहनलाल गर्ग प्रथम, कुलदीप शर्मा द्वितीय और मीता सिंह तोमर तृतीय रहे। प्रभारी अधिकारी हिंदी (राजभाषा) रतनाराम लोहरा ने संस्थान की राजभाषा हिंदी की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट 2025-26 प्रस्तुत की। संस्थान के समूह समन्वयक (शोध) डॉ. तरुण कान्त ने हिंदी के प्रचार-प्रसार में अधिकाधिक योगदान देने का आह्वान किया।

---